**राज्य पुलिस बलों को सुदृढ़ बनाया जाना**

1357. **श्री कैलाश नारायण सारंग :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार नक्सलवाद की समस्या से निपटने के लिए संबंधित राज्यों के पुलिस बल को सुदृढ़ बनाने का विचार रखती है :

(ख) क्या मध्य प्रदेश सहित किसी राज्य सरकार ने इस संबंध में अब तक कोई कार्य योजना केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत की है : और

(ग) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार इस कार्य योजना को वित्तीय सहायता कब तक उपलब्ध करायेगी ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) :** (क) से (ग) कुछ राज्यों में बढ़ती हुई उग्रवादी गतिविधियां इस मंत्रालय के ध्यान में है । समस्या के बारे में गहराई से विचार-विमर्श करने के लिए तारीख 3 अगस्त, 1991 को केन्द्रीय गृह मंत्री ने आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार तथा उड़ीसा के मुख्य मंत्रियों की एक बैठक बलाई इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राज्य सरकारें कार्रवाई योजनाएं तैयार करेंगी जिसमें कानून व्यवस्था को बनाने संबंधी उपाय तथा विकासात्मक उपाय भी शामिल होंगे । उसके बाद प्रभावित राज्यों के प्रतिनिधियों सहित एक संयुक्त कार्यान्वयन समिति, (सा० का० स०) गठित की गई । संयुक्त कार्यान्वयन समिति, नक्सलवादी विरोधी अभियान की योजना तैयार करने तथा उनका कार्यान्वयन करने संबंधी कार्य का सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर समन्वित ढंग से पर्यवेक्षण करेगी । जहां तक वित्तीय सहायता का संबंध है इस बारे में सामान्य मत यह है कि कार्रवाई योजनाओं की खर्च की पूर्ति राज्यों की योजनाओं स्रोतों से की जाएगी । तथापि, केन्द्र सरकार प्रभावित राज्यों को आवश्यकता पड़ने पर अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती सहित, सभी संभव सहायता दे रही है ।

**Patronage to criminals**

1358. SHRI MOHINDER SINGH LATHER:

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA:

Will the Minister of HOME AFFAIRS re pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item which appeared in the "Nav Bharat Times" dated the 20th June, 1992 regarding pat ronage to international level criminal gangs operating in Delhi and living near by Delhi;

(b) if so, the number of such gangs and Government's reaction thereto;

(c) whether it is fact that Delhi police is aware of the where abouts of the members of each gang but it' unable to take any action against them due to pressure on police;

(d) whether it is also a fact that such criminals are always seen at important points; and

(e) if so, what action Government propose to take to prevent it?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIR (SHRI M. M. JACOB): (a) to (e) A news item captioned "Bass Police Hee Nahi Janti Hatyara Ko" appeared in 'Nav Bharat Times' in its issue of 20th June, 1992. Delhi Police have reported that no international gang of criminals is operating in Delhi.